# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 07.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **नगर निकाय चुनाव के लिए आज सभी उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिन्ह का किया गया आवंटन, निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन की दी गई जानकारी ।**
2. **केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम ने केंद्रीय बजट में मिली सौगातों की दी जानकारी, बताया–झारखंड के विकास को नई दिशा देने वाला बजट।**
3. **आपदा मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रिम्स जाकर गोमिया में जंगली हाथियों के हमले में घायलों का जाना हाल, कहा इन घटनाओं का** जल्द निकाला जाएगा ठोस समाधान।
4. **गिरिडीह में नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता, पारसनाथ पहाड़ी क्षेत्र से भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद बरामद।**
5. **जमशेदपुर में झारखंड और उत्तराखंड के बीच रणजी ट्रॉफ़ी कं क्वॉटर फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन..आज उत्तराखंड ने पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर बनाए 282 रन।**

****************

तेइस फरवरी को होने वाले झारखंड नगर निकाय चुनाव के लिए सभी प्रत्याशियों के बीच आज चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया गया है। साहिबगंज नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए सभी प्रत्याशियों को उनके चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्र के लिए कुल 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इधर देवघर नगर निगम में महापौर पद के लिए कुल 18 प्रत्याशी मैदान में हैं। गैर–दलीय चुनाव होने के कारण प्रत्याशियों को लोटा से लेकर हवाई जहाज जैसे नए प्रतीक चिन्ह दिए गए है । इधर जामताड़ा जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि आनंद ने इसकी जानकारी दी।

****************

गिरिडीह नगर निगम के मेयर पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक गहमागहमी तेज है। इस बार दलीय आधार पर चुनाव नहीं हो रहे हैं लेकिन राजनीतिक दल अपने समर्थित उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने में जुटे हैं। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय और बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मेयर पद को जीतने की रणनीति पर चर्चा की।

इधर झामुमो ने नामांकन दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने पर प्रमिला मेहरा को अपना समर्थन दिया और जीत का दावा किया है।

****************

केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने आज जमशेदपुर में संवाददाताओं से बातचीत में केंद्रीय बजट 2026– 27 को लेकर देश और झारखंड को मिली सौगातों की विस्तृत जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह बजट झारखंड के विकास को नई दिशा देने वाला साबित होगा

****************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफ़ान अंसारी और मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने रिम्स जाकर गोमिया में हाथियों के हमले में घायल लोगों का हाल चाल लिया। संवाददाताओं से बातचीत मे दोनों मंत्रियों ने घटना के मृतकों के परिवार, घायलों और इस घटना मे क्षति उठाने वाले ग्रामीणों को सरकार के नियमानुकूल मुआवजे की अतिशीघ्र भुगतान का आश्वासन दिया।

****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के निर्देश पर 2 से 8 फरवरी तक लोक भवन उद्यान को आम नागरिकों के भ्रमण के लिए खोला गया है, आज 1 लाख 18 हजार 471 लोगों ने भ्रमण किया। राज्यपाल ने स्वयं लोक भवन उद्यान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आगंतुकों से उद्यान को लेकर उनकी राय भी जानी।

****************

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आगामी 14 से 16 मार्च तक राज्य स्तरीय एग्रोटेक किसान मेला का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुनील चन्द्र दुबे की अध्यक्षता में मेला आयोजन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

****************

गिरिडीह पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में सफलता हासिल हुई है। खुखरा थाना क्षेत्र से सटे पारसनाथ पहाडी क्षेत्र से पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने जमीन में छिपाकर रखे कई हथियार बरामद किए हैं। प्रेस वार्ता में एसपी डॉ बिमल कुमार और सीआरपीएफ कमांडेंट सुनील दत्त त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से इसकी जानकारी दी।

****************

देवघर जिले में बढ़ते साइबर अपराध पर रोक के लिए पुलिस ने बैंकों के साथ समन्वय तेज किया है। इस मुद्दे पर पुलिस अधीक्षक सौरभ ने एलडीएम और विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक की।

****************

रांची के एसटी–एससी थाना में महिला वकीलों के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार को लेकर रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने आज काला बिल्ला लगाकर और न्यायिक कार्य से दूर रहकर अपना विरोध जताया।

****************

हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में कल रामगढ़ जिले के सिद्धू कान्हू जिला मैदान में सांसद सामूहिक विवाह उत्सव का आयोजन होगा। इस वैवाहिक कुंभ में राज्यपाल संतोष गंगवार सहित कई हस्तियां 101 बेटियों को आशीर्वाद देने पहुंचेंगे। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने कार्यक्रम की जानकारी दी।

****************

जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में झारखंड और उत्तराखंड के बीच खेले जा रहे रणजी ट्रॉफ़ी के क्वाटर फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन आज उत्तराखंड की टीम ने पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 282 रन बनाए। उत्तराखंड की टीम को 47 रनों को बढ़त मिल गई है।

********समाप्त*********